न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त बीकानेर
पीठासीन अधिकारी ए.एच.गौरी आर.ए.एस
अपील संख्या 89 / 2017 एल आर एक्ट (GCMS No 2016/ 00029)
अनवान मनरूप वगैरह बनाम नन्दराम वगैरह
अपील विरूद्ध आदेश– अतिरिक्त जिला कलक्टर नोहर जिला हनुमानगढ दिनांक 28.11.2016

.तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियन्स जज	नम्बर व तारीख अहकाल जो इस हुक्त की तामील में जारी हुऐ
06.12.2022	पत्रावली प्रस्तुत हुई। अभिभाषक अपीलान्ट उपस्थित। रेस्पोडेन्ट सं. 1 के अभिभाषक उपस्थित। रेस्पोडेन्ट सं. 1 के अभिभाषक ने कहा कि अपीलान्ट द्वारा न्यायालय के आदेश की पालना नही की जा रही है, अतः इनकी अपील खारिज की जावे। अभिभाषक अपीलांट को शेष रेस्पोडेंट के निमित नोटिस देनिक समाचार पत्र (अखबार) में प्रकाशित करने हेतु बार–बार पाबन्द किये जाने के बावजूद भी अभिभाषक अपीलान्ट द्वारा आज तारीख पेशी तक रेस्पोडेंट के निमित नोटिस देनिक समाचार पत्र (अखबार) में प्रकाशित हेतु पेश नही किये गये है। पत्रावली वर्ष 2016 से विचाराधीन चल रही है। इस प्रकार अभिभाषक अपीलांट की एवं स्वय अपीलान्ट की बिना किसी आधार के उनके न्याय चाहने की तत्परता व कोशिश के अभाव को सिद्व करती है व स्वेच्छा से मामला चलाने मे अरूचि जाहिर करती है। इस प्रकार अभिभाषक अपीलान्ट को बार–बार पाबन्द करने के उपरान्त भी न्यायालय के आदेश की पालना नही करने के कारण यह पत्रावली अदम तकमील में खारिज की जाती है। पत्रावली नम्बर से कम होकर आदेश की प्रमाणित प्रति के साथ अधीनस्थ न्यायालय का रिकार्ड लौटाया जाकर पत्रावली बाद तरतीब,तकमील दाखिल दफ्तर हो। आदेश खुले न्यायालय मे सुनाया गया। अति.संभागीय आयुक्त बीकानेर	